# वैदिक संस्कृति

- **वैदिक संस्कृति को दो भागों में किसने बांटा-** **— विन्टरनित्ज ने**
- पूर्व-वैदिक या ऋग्वैदिक संस्कृति का काल किसे माना जाता है? **— 1500 ई. पू. - 1000 ई.पू.**
- ऋग्वेद है- **— स्रोतों का संकलन**
- ऋग्वेद में कितने मण्डल व कितने सूक्त हैं- **— 10 मण्डल और 1028 सूक्त**
- ऋग्वेद में .......... ऋचाएँ हैं- **— 1028**
- ऋग्वेद में सर्वाधिक संख्या में मंत्र संबंधित हैं- **— अग्नि से**
- ऋग्वैदिक काल के प्रारम्भ में निम्न से किसे महत्वपूर्ण मूल्यवान संपत्ति समझा जाता था? **— गाय को**
- आरंभिक वैदिक साहित्य में सर्वाधिक वर्णित नदी है? **— सिंधु**
- वैदिक युग में प्रचलित लोकप्रिय शासन प्रणाली थी- **— वंश परंपरागत राजतंत्र**
- ऋग्वैदिक काल के उस सबसे प्रधान देवता की पहचान करें, जिसकी स्तुति में 250 सूक्तों की रचना की गयी थी- **— इंद्र**
- ऋग्वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है- **— गेरुवर्णी मृदभांड (OCP) संस्कृति**
- संस्थागार या संथागार कहा जाता था- **— जिस स्थान पर सभा की जाती थी**
- 'व्रीहि ' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? **— चावल**
- 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।' कहाँ से लिया गया है? **— उपनिषद्**
- आर्य भारत में बाहर से आए और सर्वप्रथम बसे थे- **— पंजाब में**
- अवेस्ता और ऋग्वेद में समानता है। अवेस्ता किस क्षेत्र से संबंधित है? **— ईरान से**
- ऋग्वैदिक धर्म था- **— बहुदेववादी**
- किस वैदिक ग्रन्थ में 'वर्ण' शब्द का सर्वप्रथम नामोल्लेख मिलता है? **— ऋग्वेद**
- निम्नलिखित में से वैदिक साहित्य का सही क्रम कौनसा है? **— वैदिक संहिताएं, ब्राह्मण, आरण्यक उपनिषद**
- प्राचीन भारतीय समाज के प्रसंग में, निम्नलिखित शब्दों में से कौनसा शेष तीन के वर्ग का नहीं है? **— कोश**
- 'आर्य' शब्द इंगित करता है- **— श्रेष्ठ वंश को**
- क्लासिकीय संस्कृत में 'आर्य' शब्द का अर्थ है- **— एक उत्तम व्यक्ति**
- निम्नलिखित में से किसे ऋग्वेद में युद्ध-देवता समझा जाता है? **— इन्द्र**
- ऋग्वेद में संपत्ति का प्रमुख रूप क्या है? **— गोधन**
- ऋत (प्राकृतिक संतुलन) स्थापित करने के कारण किस वैदिक देवता को 'ऋतस्य गोप' कहा गया है? **— वरुण**
- निम्नलिखित में से कौन मूलतः 'जल या समुद्र का देवता' था? **— वरुण**
- जन के नेता को क्या कहा जाता था- **— गोप**
- ऋग्वेद काल में जनता निम्न में से मुख्यतया किसमें विश्वास करती थी? **— बलि एवं कर्मकांड**
- ऋग्वैदिक काल में निष्क किस अंग का आभूषण था? **— गले का**
- कितने पुरुषार्थों का संबंध मनुष्य के सांसारिक जीवन से है- **— तीन**
- 'आश्रम व्यवस्था वर्ण व्यवस्था के पूरक थी' यह कथन किसका है- **— जी.सी. पाण्डे का**
- वेदों को 'अपौरुषेय' क्यों कहा गया है, क्योंकि- **— वेदों की रचना देवताओं द्वारा की गई है**
- प्राचीनतम विवाह संस्कार का वर्णन करने वाला 'विवाह सूक्त' किसमें पाया जाता है? **— ऋग्वेद**
- वैदिकयुगीन सभा- **— मंत्रिपरिषद् थी**
- बोगजकोई महत्वपूर्ण है, क्योंकि- **— यहाँ से प्राप्त अभिलेखों में वैदिक देवताओं एवं देवियों का नामोल्लेख प्राप्त होता है।**
- निम्न में से किस नदी को ऋग्वेद में 'मातेतमा', 'देवीतमा' एवं 'नदीतमा' नाम से संबोधित किया गया है? **— सरस्वती**
- तीन क्रमों (पगों) में तीनों लोक को माप लेने के कारण किसे 'उपक्रम' कहा गया है? =
- निम्नलिखित में से कौनसी ब्रह्मवादिनी थी, जिसने कुछ वेद मंत्रों की रचना की थी- **— लोपामुद्रा**

- ऋग्वेद में निम्नांकित किन नदियों का उल्लेख अफ-गानिस्तान के साथ आर्यों के संबंध का सूचक है? — **कुभा, क्रुभ**
- ऋग्वेद की मूल लिपि थी- — **ब्राह्मी**
- निम्नलिखित वैदिक देवताओं में किसे उनका पुरोहित माना जाता था- — **बृहस्पति**
- वर्ण व्यवस्था से संबंधित 'पुरुष सूक्त' मूलतः पाया जाता है? — **ऋग्वेद**
- ऋग्वैदिक काल में विद्यार्थी होते थे- — **(a) व (b) दोनों**
- सबसे पुराना वेद कौनसा है? — **ऋग्वेद**
- वैदिक नदी अस्किनी की पहचान निम्नांकित नदियों में से किस एक के साथ की जाती है? — **चिनाव**
- ऋग्वैदिक काल में निष्क शब्द का प्रयोग एक आभूषण के लिए होता था, किन्तु परवर्ती काल में उसका प्रयोग इस अर्थ में हुआ- — **सिक्का**
- निम्नलिखित में किसका संकलन ऋग्वेद पर आधारित है? — **सामवेद**
- 'धर्म' तथा 'ऋत्' भारत की प्राचीनतम वैदिक सभ्यता के एक केन्द्रीय विचार को चित्रित करते हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: 1. धर्म व्यक्ति के दायित्वों एवं स्वयं तथा दूसरों के प्रति व्यक्तिगत कर्तव्य की संकल्पना था। 2. ऋत मूलभूत नैतिक विधान था जो सृष्टि और उसमें अंतर्निहित सारे तत्वों के क्रियाकलापों को संचालित करता था। — **1 और 2 दोनों**
- प्रारंभिक आर्यों के बारे में निम्न कथनों में से कौनसा सही नहीं है? — **वे मुख्यतः नगरों में निवास करते थे**
- ऋग्वेद में भीषक नाम से किसका उल्लेख मिलता है- — **चिकित्सक का**
- गोत्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम हुआ था- — **ऋग्वेद में**
- निम्नलिखित में से किसने आर्यों के आदि देश के बारे में लिखा था? — **बाल गंगाधर तिलक**
- प्राचीन भारत में 'निष्क' नाम से जाने जाते थे- — **स्वर्ण आभूषण**
- पूर्व- वैदिक आर्यों का धर्म प्रमुखतः था- — **प्रकृति पूजा और यज्ञ**
- सर्वाधिक ऋग्वैदिक सूक्त समर्पित है- — **इंद्र को**
- ऋग्वेद में उल्लिखित प्रसिद्ध 'दसराज्ञ' युद्ध किस नदी के किनारे लड़ा गया था? — **परुष्णी**
- गायत्री मंत्र की रचना किसने की थी- — **विश्वामित्र**
- निम्नलिखित में से पूर्व वैदिक आर्यों का सर्वाधिक लोकप्रिय देवता कौन था? — **इंद्र**
- ऋग्वेद का कौनसा मंडल पूर्णतः 'सोम' को समर्पित है? — **नौवां मंडल**
- ऋग्वेद के किस मंडल में शूद का उल्लेख पहली बार मिलता है? — **10वें**
- 'त्रयी' नाम है- — **तीन वेदों का**
- वैदिक धर्म काण्ड में 'होता' का संबंध है- — **ऋग्वेद से**
- आर्य भारत में संभवतः आये- — **मध्य एशिया से**
- निम्नलिखित में से कौनसी एक ऋग्वैदिक आर्यों की लाक्षणिक विशेषता नहीं है? — **वे लोहे के उपयोग से परिचित थे**
- उस जनजाति का नाम बतलाएं जो ऋग्वैदिक आर्यों के पंचजन से संबंधित नहीं है- — **किकट**
- निम्नलिखित अभिलेखों में से कौनसा ईरान से भारत में आर्यों के आने की सूचना देता है? — **बोगजकोई**
- वैदिक काल में किस जानवर को 'अघन्या' माना गया है? — **गाय**
- कौनसे तीन वेद संयुक्त रूप से 'त्रयी' या 'वेदत्रयी' कहलाते हैं? — **ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद**
- ऋग्वैदिक आर्य पशुचारी लोग थे, यह इस तथ्य से पुष्ट होता है कि- — **उपर्युक्त सभी**
- निम्न में से कौनसा कथन असत्य है — **गायत्री मंत्र का सर्वप्रथम उल्लेख सामवेद में मिलता है।**
- ऋग्वेद के नदी सूक्त में कितनी नदियों का उल्लेख किया गया है- — **21**
- वैदिक नदी कुंभा का स्थान कहाँ निर्धारित होना चाहिए- — **अफगानिस्तान में**
- ऋग्वेद में उल्लिखित 'यव' शब्द किस कृषि उत्पाद हेतु प्रयुक्त किया गया है? =
- गायत्री मंत्र किस पुस्तक में मिलता है? — **ऋग्वेद**
- किस देवता के लिए ऋग्वेद में 'पुरंदर' शब्द का प्रयोग हुआ है? — **इन्द्र**
- ऋग्वेद में 'विश्' शब्द का उल्लेख हुआ है- — **170 बार**
- ऋग्वेद के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा

एक सही नहीं है?

— **यज्ञ मंदिरों में सम्पन्न किए जाते थे।**

- निम्न में से कौनसा कथन ऋग्वैदिक काल के बारे में सत्य है- 1. ऋग्वेद में निष्क का उल्लेख मिलता है
- कुछ इतिहासकार निष्क को मुद्रा कहते हैं। 2. प्रजा राजा को अंश (कर) स्वेच्छा से देती थी, जिसे बलि कहा जाता था। 3. ऋग्वेद में ऋण देकर ब्याज लेने वाले लोगों को वेकनॉट (सुदखोर) कहा गया है। — **सभी कथन सत्य है।**
- उत्तर वैदिक काल माना जाता है- — **1000 ई.पू. - 600 ई.पू.**
- उत्तर-वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है- — **चित्रित धूसर मृदभांड (PGW) संस्कृति**
- उत्तर-वैदिक काल में किस देवता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था? — **प्रजापति**
- 'यज्ञ' संबंधी विधि-विधानों का पता चलता है- — **यजुर्वेद से**
- भारतीय संगीत का उद्गम किसमें खोजा जा सकता है? — **सामवेद की संहिता में**
- निम्नलिखित चार वेदों में से किस एक में जादुई माया और वशीकरण का वर्णन है? — **अथर्ववेद**
- किस वेद में सभा और समिति को प्रजापति की दो पुत्रियां कंहा गया है? — **अथर्ववेद**
- 'आयुर्वेद' अर्थात् 'जीवन का विज्ञान' का उल्लेख सर्वप्रथम मिलता है- — **अथर्ववेद में**
- अथर्ववेद में कितने मण्डल व सूक्त हैं- — **20 मण्डल और 731 सूक्त**
- 800 से 600 ईसा पूर्व का काल किस युग से जुड़ा है- — **ब्राह्मण युग**
- शतपथ ब्राह्मण में उल्लिखित राजा विदेध माधव से संबंधित ऋषि थे- — **ऋषि गौतम रहुगण**
- जिस ग्रन्थ में 'पुरुष मेघ' का उल्लेख हुआ है, वह है- — **शतपथ ब्राह्मण**
- 'गोपथ ब्राह्मण' संबंधित है- — **अथर्ववेद से**
- पुराणों की संख्या है- — **18**
- प्राचीनतम पुराण है- — **मत्स्य पुराण**
- सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरित संकेतक हैं- — **पुराणों के**
- उपनिषदों का मुख्य विषय है- — **दर्शन**
- अध्यात्म ज्ञान के विषय में नचिकेता और यम का संवाद किस उपनिषद में प्राप्त होता है? — **कठोपनिषद में**
- उपनिषद काल के राजा अश्वपति शासक थे- — **कैकेय के**
- सत्यकाम जाबालि की कथा, जो अनब्याही मां होने के लांछन को चुनौती देती है, उल्लेखित है- — **छांदोग्य उपनिषद्**
- 'सत्यमेव जयते' शब्द कहाँ से लिया गया है? — **मुंडकोपनिषद**
- निम्नलिखित में से किस एक वैदिक साहित्य में मोक्ष की चर्चा मिलती है? — **उपनिषद**
- प्रथम विधि निर्माता कौन हैं? — **मनु**
- निम्न में से कौनसी स्मृति प्राचीनतम है? — **मनु स्मृति**
- 'आदि काव्य' की संज्ञा किसे दी जाती है? — **रामायण**
- महाभारत मूलतः किस रूप में जानी जाती थी- — **जयसंहिता**
- महाभारतकाल में मंत्रिपरिषद् के कितने विभाग थे- — **18**
- 'श्रीमद्भागवद्गीता' मौलिक रूप से किस भाषा में लिखी गई थी- — **संस्कृत**
- कृष्ण भक्ति का प्रथम और प्रधान ग्रंथ है- — **श्रीमद्भागवतगीता**
- निम्नलिखित में से कौन एक 'अनुलोम' प्रकार के विवाह का निदर्शन है? — **ब्राह्मण लड़के का एक क्षत्रिय लड़की से विवाह**
- अनुलोम विवाह का क्या अर्थ है — **उच्च वर्ण पुरुष का निम्न वर्ण नारी के साथ विवाह**
- प्रतिलोम विवाह तब माना जाता था — **जब उच्च वर्ण की नारी निम्न वर्ण के पुरुष के साथ विवाह कर लेती थी।**
- निम्न में से कौनसा विकल्प असत्य है- — **गंधर्व विवाह में कन्या का पिता वर से वधू मूल्य प्राप्त करता था। अतः इसे कन्या विक्रय विवाह भी कहा जाता है।**
- संस्कारों की कुल संख्या कितनी है? — **16**
- वैशानस ग्रह सूत्र में कितने संस्कारों का उल्लेख किया गया है- — **18**
- हिन्दू पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन हेतु किस सर्प ने रस्सी के रूप में स्वयं को प्रस्तुत किया? — **वासुकी**

- किस रचना में नारी को सुरा और पांसा के साथ तीन प्रमुख बुराइयों में शामिल किया गया है?
  — **मैत्रायणी संहिता**
- आर्यकालीन शब्द 'अधिवास' से तात्पर्य था-
  — **कमर के ऊपर पहने जाने वाला वस्त्र**
- जीविकोपार्जन हेतु 'वेद-वेदांग' पढ़ाने वाला अध्यापक कहलाता था- — **उपाध्याय**
- निम्नलिखित में से कौनसी प्रथा चतुष्टय वेदोत्तर काल में प्रचलित हुई? — **ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य - शुद**
- वैदिक गणित का महत्वपूर्ण अंग है-
  — **शुल्व सूत्र**
- भारत के किस स्थल की खुदाई से लौह धातु के प्रचलन के प्राचीनतम प्रमाण मिले हैं?
  — **अतरंजीखेड़ा**
- प्राचीनकाल में आर्यों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन था- — **कृषि**
- इनमें से किस फसल का ज्ञान वैदिक काल के लोगों को नहीं था? — **तम्बाकू**
- उत्तर-वैदिक काल के वेदविरोधी और ब्राह्मणविरोधी धार्मिक अध्यापकों को किस नाम से जाना जाता था?
  — **श्रमण**
- तीन ऋण में शामिल नहीं है- — **मातृ ऋण**
- आर्यों के आर्कटिक होम सिद्धांत का पक्ष किसने लिया था? — **वी.जी. तिलक**
- निम्न में से कौनसा कथन असत्य है — **शिक्षा नामक वेदांग की रचना पिंगल मुनि की।**